## झंडा बाजार, गोलबाजार, सिल्वर टॉकीज रोड सहित अन्य मार्गों में हाल बेहाल

# सड़क पर फैला रहे दुकानों की सामग्री पैदल आवागमन भी हो जाता है कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के अति व्यस्ततम बाजार क्षेत्र में दुकानों की सामग्री सड़क में फैला देने से न सिर्फ आवागमन बाधित होता है बल्कि पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। नगर के झंडा बाजार, गोल बाजार, सिल्वर टॉकीज मार्ग, सब्जी मंडी पहुंच मार्ग ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां दिन भर भारी दवाब बना रहता है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां सबसे ज्यादा खरीदारी के लिए लोग पहुंचते हैं। लेकिन इन मार्गों में बेतरतीब पार्किंग, अस्थायी अतिक्रमण मुख्य वजह बना हुआ है जिससे लोग परेशान होते हैं।



### मुख्य मार्गों तक में मुसीबत

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी है। प्रयोगो से और फजीहत है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौका दिया जा चुका है लेकिन समस्या नहीं सुधरी।

नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किंग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है।

फुटपाथी व्यवसाइयों को सबक सिखाने और दोबारा अतिक्रमण न करने कार्यवाही के नाम पर कभी कभार कार्यवाही का दिखावा किया जाता है। दो दिन की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग अब निडर हो गये है। कई बार चेतावनी दी जाती है कि सड़क में लगाये ठेला या सामान रखा है, उसको भी दुकान के अंदर पहुंचा दें। इस दौरान नाली के आगे जो भी सामान रखा हुआ मिलेगा, उसे टीम जब्त कर लेगी। इस पर आने वाला खर्च भी दुकानदार से वसूल किया जाएगा। यह चेतावनी कई बार जारी की गई, कई बार एनाउंस करवाया गया। इसके बाद आज तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं दिखी। ऐसे में अब लोगों को अतिक्रमण अभियान की चेतावनी का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। फुटपाथ तक दुकानें सजी हैं। उनके लिए यह चेतावनी अब आम बात हो गई है।

मुख्य मार्गो में सुगम आवागमन की सुविधा अब सपना ही बनकर रह गई है। न तो अधिकारियों को कोई सरोकार है और न ही दुकानदार अपनी कार्यशैली बदलना चाहते।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 5 और 8 वीं की वार्षिक परीक्षाएं कल से

**कटनी।** राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5 वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4रू30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निरूशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाये। परीक्षा की समय-सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी गयी है।

### पंच जल कुंडधाम झिरिया पथवारी में मेले का आयोजन 26 से

**बड़वारा।** ग्राम पंचायत पथवारी के पंच जल कुंड धाम झिरिया पथवारी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेला एवं तीन दिवसीय शिव कथा आयोजित की गई है। महाशिवरात्री में पथवारी के पंच जल कुंड धाम झिरिया में विविध आयोजन होंगे। पंच जल कुंड धाम झिरिया पथवारी के कमेटी अध्यक्ष गणेशपुरी गोस्वामी ने बताया कि ग्राम पंचायत पथवारी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेला एवं तीन दिवसीय शिव कथा का आयोजन किया जा रहा है श्री शिव कथा की अमृत वर्षा करने के लिए श्री धाम वृंदावन से आचार्य अमित कृष्ण शास्त्री का आगमन हो रहा है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर कमेटी के द्वारा बड़ी ही ततपरता से साफ सफाई अभियान शुरू हो गया है। कमेटी के सदस्यों के साथ ही युवा व नन्हे नन्हे बच्चों की बहुत बड़ी भूमिका है। कमेटी के द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों एवं व्यापारी बंधुओ से निवेदन किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में 26 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मेला परिसर में पधार कर शिवकथा का रस पान करें एवम भव्य मेले का आनन्द लें।

### गाडगे जयंती आज, होंगे विविध आयोजन

**कटनी।** रजक समाज जनजागृति विकास समिति कटनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 149वीं जयंती 23 फरवरी को नगर निगम ऑडिटोरियम नया बस स्टैण्ड कटनी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप जायसवाल विधायक कटनी, अशोक विश्वकर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत, मनोरमा अशोक श्रीवात्री शिक्षक, विशिष्ट अतिथि अर्चना विनोद रजक सरपंच विलायतकला, रमेश रजक प्रदेशाध्यक्ष रजक समुदाय संगठन, प्रीतम रजक, बैजनाथ रजक, डॉ. शिवनाथ रजक समाजसेवी, विनोद रजक पूर्व सरपंच नयागांव, मोनू रजक बहोरीबंद, मनोज रजक मैहर, लक्ष्मी मदन रजक सिहोरा, रामेश्वर रजक अमानगंज, सुनील रजक उचेहरा, ममता रजक अध्यक्ष आंगनबाड़ी, अध्यक्षता श्यामलाल रजक, सुमन रजक अध्यक्ष महिला इकाई रजक समाज जन जागृति विकास समिति कटनी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में जयंती के अवसर पर गाडगे बाबा को दीप प्रज्जवलित, पूजा अर्चन, अतिथियों का सम्मान, छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान, युवा-युवती परिचय सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन होगा। इसी क्रम में समाज को एकत्रित कर सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के प्रयास किये जाने संबंधित विचार-विमर्श किये जावेंगे।

# गनियारी टीम विजेता व कुदवारी बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

कोल ट्राइबल एजुकेशनल एंड कल्चरल डेवलपमेंट सोसाइटी एनजीओ परसेल के द्वारा अमर शहीद बिरसा मुंडा की स्मृति में परसेल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अहरी खेल मैदान में प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गनियारी और कुदवारी की टीम के बीच खेला गया।गनियारी विजेता जबकि कुदवारी टीम उपविजेता रही।

इस मौके पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष बबीता गौंटिया, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कोल, विंध्य प्रदेश कोल समाज सेवा संघ रमेश प्रसाद, उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, सिलौंड़ी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी सहित अन्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

आयोजन समिति के सदानंद कोल ने बताया कि यह प्रतियोगिता नशामुक्ति अभियान को समर्पित है।प्रतियोगिता मे खेलने वाले खिलाड़ी स्वयं नशामुक्त हो और परिवार के सदस्यों को भी नशामुक्त रखें,ताकि समाज नशामुक्ति हो सके।इस दौरान अंजली कोल,मंगल कोल, रामनाथ, ओमप्रकाश, हरिदास,जवाहर कोल, राममिलन कोल,गोलिराम,बहादुर कोल,भन्नु कोल,दरेश कोल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाईयां

**सिलौंडी।** डॉक्टर प्रताप भान राय की स्मृति में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय के विशेष सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जबलपुर से सुविधा हॉस्पिटल विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ.बाल कृष्ण डांग, डॉ. समीर मेहरा, डॉ. अनुराधा डांग, डॉ. पलक डांग मेहरा / डॉ. कान्ता खरे, डॉ. जे.डी. अरोरा, डॉ. अवनीत जैन, डॉ. समीर अग्रवाल, डॉ. आर. बाधनारे ने 624 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको निशुल्क दवा भी दिया है।

## ढीमरखेड़ा शासकीय महाविद्यालय में हुआ शिविर का आयोजन

# सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र किये गए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के प्राचार्य रजनीश कुशवाहा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला ढीमरखेड़ा में आयोजित किया गया।शिविर में महाविद्यालय के लगभग 50 स्वयंसेवक शामिल रहे। मां सरस्वती पूजन से शिविर की शुरुआत हुई।छात्रा लक्ष्मी कुम्हार ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।



एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने शिविर की दैनिक गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराते हुए बताया कि स्वयंसेवकों के द्वारा प्रतिदिन प्रातः काल व्यायाम,योगाभ्यास,परेड अभ्यास के बाद जागरूकता का संदेश देते हुए दहेजप्रथा, स्वच्छता,बाल विवाह,पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण आदि विषयों से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई। भोजन अवकाश के बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष एड.अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को एनएसएस का महत्व बताते हुए मन में सेवा भाव रखते हुए व्यक्तित्व निर्माण करने की बात कही।

प्राचार्य रजनीश कुशवाहा ने अपने संबोधन में एनएसएस का परिचय देते हुए इसके कार्यों पर प्रकाश डाला। वहीं स्वयंसेवक प्रकृति मिश्रा,रीना पटेल,रेशमा पटेल,एकता सोनी ने शिविर के अनुभव साझा किये।

इस अवसर पर निधि ज्योतिषी, रचना मिश्रानूतन केवट,स्मिता परसाई,डॉ मनीष व्यास,विद्यालय स्टॉफ और एनएसएस के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अभिषेक और आभार डॉ. श्वेता बघेल ने जताया।शिविर के समापन समारोह में स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

## वाहनों के दवाब को कम करने भारी वाहनों का रूट डायवर्ट



प्रयागराज महाकुंभ के आखिरी स्नान के लिए नेशनल हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर यातायात पुलिस ने हाईवे पर मोर्चा संभाल लिया है। चाका बायपास मार्ग पर बेरीकेट लगाकर वाहनों की रफ्तार कम करने का प्रयास किया है। थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि बेरीकेट लगाने से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाया जा सकेगा और दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सकेगी। बेरीकेटिंग करते हुए एक-एक करके वाहनों को मैहर की तरफ बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा कटनी से मैहर मार्ग पर वाहनों के दबाव को कम करने के लिए भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। बड़े वाहनों को चाका से जुहला मार्ग से उमरिया, शहडोल की तरफ रवाना किया जा रहा है, जिससे नेशनल हाइवे पर वाहनों का दबाव कम होगा और बड़े वाहनों की वजह से होने वाले सडक़ दुर्घटना भी नहीं होंगी।

## शिक्षा के साथ स्व रोजगार स्थापित करने दिया जा रहा प्रशिक्षण

# विद्यार्थियों को एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्रचार्या डॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत मिट्टी के भौतिक रासायनिक और जैविक गुणों की जानकारी दी गई। सूक्ष्म जैविकीय गतिविधियों से मिट्टी को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। पोषक तत्व प्रबंधन के घटक के अंतर्गत जैव उर्वरक जीवाणु खाद नील हरित काई अजोला से पोषक तत्वों की उपलब्धता जैविक नाइट्रोजन स्थिरीकरण घुलनशील फास्फोरस आदि पौधों में वृद्धि एवं विकास में सहायक होते हैं। बायोडायनेमिक खेती विभिन्न जैविक खाद केंचुआ खाद एवं नारियल के रेशे से निर्मित कोकोपिट खाद पंचगव्य तथा पोषक तत्व प्राप्त करने के लिए सूक्ष्मजीव मृत जीवों पशुओं के अवशिष्ट एवं पौधों के अवशेष को विकसित करते हैं और उसका पुनः चक्रण कर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## निर्माणाधीन कार्यों एवं यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

# मंडल रेल प्रबंधक ने लोको शेड, कटनी जंक्शन एवं स्टेशन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मण्डल रेल प्रबन्धक कमल कुमार तलरेजा ने जबलपुर से कटनी स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक, कर्व, समपार फाटक एवं छोटे-छोटे स्टेशनों का विंडो निरीक्षण किया। इसके पश्चात न्यू कटनी जंक्शन में इलेक्ट्रिक एवं डीजल लोको शेड न्यू कटनी, आर ओ एच, एरिया कंट्रोल एवं रनिंग रूम न्यू कटनी जंक्शन का निरीक्षण किया। इसके पश्चात 22 फरवरी को कटनी से रीवा स्टेशन के मध्य ट्रैक, पॉइंट एंड क्रासिंग, समपार फाटक, कर्व एवं छोटे स्टेशनों का विंडो निरीक्षण किया। इसके पश्चात रीवा स्टेशन पहुंचकर उन्होने कोचिंग डिपो, गुड शेड, पिट लाइन, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया एवं रीवा स्टेशन पर चल रहे अधो संरचना के कार्य एवं यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने तथा रेल संरक्षा एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात सतना स्टेशन पहुंचकर महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का निरीक्षण करते हुए सतना स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे द्वारा की गई यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की यात्रियों को आसुविधा न हो।



मण्डल रेल प्रबन्धक ने कटनी, रीवा एवं न्यू कटनी जंक्शन स्टेशन पर (एबीएसएस) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्य के मॉडल एवं ले-आउट प्लान के सभी पहलुओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने स्टेशन पर हो रहे सर्कुलेटिंग एरिया के विकास एवं स्टेशन प्रवेश द्वार के विकास, आधारभूत संरचनाओं, के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से डीआरएम को अवगत कराया गया। निरीक्षण के उपरांत डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को स्टेशनों पर भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत यात्री सुविधाओं तथा परिचालन संबंधी निमार्णाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के निर्देश दिए।

## ग्राम गैतरा में आयोजित हुआ पशु कल्याण जागरूकता शिविर

# 117 पशुपालकों को किया गया औषधि का वितरण, किया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा विगत दिवस जिला स्तरीय पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता शिविर का आयोजन विकासखंड कटनी के ग्राम गैतरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, मुख्य अतिथि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य कैलाश नाथ, ग्राम पंचायत गैतरा सरपंच श्रीमती पन्नू बाई, गोकुल गौशाला स्व-सहायता समूह अध्यक्ष श्रीमती गोरी बाई, पूर्व सरपंच हरगुण पटेल, अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रदीप मिश्रा, सीईओ जनपद कटनी प्रदीप सिंह, नायब तहसीलदार अखिलेश सिंह कर उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आर के सोनी उपसंचालक द्वारा की गई। विभाग के अधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण से सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

कलेक्टर दिलीप यादव, ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे पशु विशेष रूप से गौवंश हमारी आर्थिक समृद्धि और प्रगति का प्रतीक हैं, भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा गाय, गौवंश और पशुओं की सुरक्षा ,संवर्धन एवं कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं देश और प्रदेश स्तर पर चलाई जा रही हैं। जिले के पशुपालन, विभाग के माध्यम से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लें, और अपनी आर्थिक-सामाजिक स्थिति को सुदृढ बनायें। उन्होंने कहा कि अपने गाय और गौवंश को घर पर रखें और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर अपने पशुओं को विभिन्न योजनाओं यथा कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उन्नत संतति प्राप्त कर अपनी गाय को अधिक उत्पादक बनायें, साथ ही विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण करवाएं, यही वास्तविक पशु कल्याण होगा। शिविर में एनजीओ ब्रिलिएंट फार्मा कंपनी के सहयोग से निःशुल्क रेबीज रोग के टीकाकरण की पहल की सराहना करते हुए कहा कि शहर एवं गांवों में कुत्तों में उनकी लगातार संख्या वृद्धि रोकने बंध्याकरण कार्य एवं रेबीज टीकाकरण हेतु अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना चाहिए, इससे आवारा कुत्तों द्वारा मनुष्यों में होने वाली डॉग बाइट की समस्या पर विराम लगेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ आर के सोनी द्वारा पशुओं के कल्याण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर जानकारी दी गई।

पशु पालकों की जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा अवेयरनेस हेतु पम्पलेट का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान 56 पशुओं का निशुल्क उपचार किया जाकर 117 पशुपालकों को औषधि का वितरण किया गया तथा 110 गौवंश को निःशुल्क एफएमडी टीकाकरण किया गया। वहीं 06 कुत्तों को रेबीज टीकाकरण के साथ ही 06 पशुपालकों को आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन डेयरी योजना एवं अनुदान पर बकरी इकाई के आवेदन प्रस्ताव मौके पर प्राप्त कर पूर्ण किए गए।

# कक्षा 1 से 12 में शत-प्रतिशत नामांकन कर सभी कार्यवाही 25 तक पूर्ण की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण के लिए 6 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का कक्षा 01 से 12 तक शत-प्रतिशत प्रवेश एवं उसकी गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिये वर्ष 2025-26 का शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सत्र 2024-25 में कक्षा 1 से 7 तक अध्ययनरत सभी बच्चों को कक्षा 2 से 8 में एवं कक्षा 8 से 11 तक अध्ययनरत सभी बच्चों को 9 से 12 में शत-प्रतिशत नामांकित कर सभी कार्यवाही 25 मार्च 2025 तक पूर्ण की जायेगी। कक्षा 2 से 12 तक नामांकित सभी छात्रों की समग्र शिक्षा पोर्टल पर अद्यतन करने की कार्यवाही 31 मार्च 2025 तक पूर्ण की जायेगी। इसके लिये कक्षा 1 में प्रवेश प्रक्रिया 01 मार्च 2025 से प्रारंभ की जायेगी। जिससे कक्षा 1 में प्रवेश योग्य छात्र-छात्रायें सत्र के प्रारंभ से ही शैक्षणिक गतिविधियों से लाभान्वित हो सकेंगे।

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 6 वर्ष की आयु 30 सितम्बर 2025 को पूर्ण करने वाले प्रत्येक छात्र का कक्षा 1 में नामांकन अनिवार्य रूप से किया जायेगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यवाही संपादित की जायेगी जैसे- नवीन शिक्षा सत्र का प्रचार-प्रसार, बाल सभा का आयोजन, शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों की बैठक का आयोजन, प्रवेशोत्सव, नामांकन, कक्षा 2 से 8 में नामांकन, कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश, छात्रावासों में प्रवेश, शाला से बाहर बच्चों का चिन्हांकन, योजनाओं के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों का निर्धारण इत्यादि कार्य किये जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर लगने से प्रौढ़ की थमी सांसें

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के कन्हवारा गांव में साइकिल सवार को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिसमें प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई आपको बता दे कि कुठला पुलिस ने शनिवार दोपहर 1 बजे बताया कि ग्राम छघरा निवासी हरछटिया चौधरी 50 साल को अज्ञात मोटर साइकिल सवार ने शुक्रवार देर रात टक्कर मार दी। जिसके कारण हरछटिया चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पहले कन्हवारा अस्पताल में भर्ती कराया गया।हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस अज्ञात बाइक सवार की जानकारी जुटा रही है।

### पुलिस की मौजूदगी में विमं कर्मियों ने लगाई डीपी

**कटनी।** ग्रामीणों के विरोध के कारण कई बार विद्युत कर्मचारी गांव तो गए मगर उन्हें डीपी लगाने में सफलता नहीं मिली। मामला बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंहुड़ी का है। पुलिस की मौजूदगी में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सिंहुड़ी में डीपी लगाने के कार्य को सम्पन्न किया। इस दौरान बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने ग्रामीणों से जन संवाद करते हुए क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा उन्हें जागरुक करते हुए क्षेत्र की अपराधिक गतिविधियों एवं कानूनी व्यवस्था को भंग करने वालों के विषय में पुलिस को जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बाकल थाना प्रभारी सहित प्रधान आरक्षक जोगिंदर तिवारी, महिला आरक्षक रोशनी पटेल, आरक्षक अजय कलमें एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### नेशनल लोक अदालत आयोजन 08 मार्च को

**कटनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल नेतृत्व में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय कटनी तथा तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चौक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण का भी निराकरण किया जाएगा।

### किसान सम्मान निधि किस्त का वितरण कल

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बिहार के भागलपुर में 24 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 19वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 19वीं किस्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष में 6 हजार रूपये की राशि 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीईओ जिला पंचायत, जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों व उप संचालक कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाये जाने के संबंध में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं । कलेक्टर श्री यादव द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला, ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित करें।

---

**हाईवे में जांच के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई, मजदूरी कराने ले जा रहे थे यूपी**

# कन्टेनर में एक सैकड़ा से अधिक भरे थे श्रमिक, पुलिस ने जब्त किया वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कंटेनर वाहन को रोका। कंटेनर के दरवाजे खोलकर देखा तो नजारा हैरान करने वाला था। अंदर करीब एक सैकड़ा लोग बैठे थे। मालवाहक परमिट होने के बावजूद कंटेनर चालक एक सैकड़ा से अधिक मजदूरों को लेकर कटनी के रास्ते उत्तर प्रदेश जा रहा था। महाकुंभ के दौरान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हाईवे पेट्रोलियम में जुटी पुलिस ने मजदूरों को लेकर जा रहे कंटेनर को पकड़ा। जानकारी देते हुए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया की पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में NH- 30 मार्ग पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कटनी पुलिस प्रयास कर रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दहिया अपनी टीम के साथ हाईवे पर वाहनों को आराम से चलाने, लोडिंग वाहनों पर सवारी न बैठालने के संबंध में शख्त समझाइश देते हुए लोडिंग वाहनों पर सवारी ले जा रहे



वाहनों पर कार्यवाही कर रहे है।

शनिवार को कन्टेनर लोडिंग गाड़ी L 01 AB 3419 से करीब 100-110 ग्रामीण मजदूरों को परिवार के साथ आलू बिनाई के लिए ऊंचे गाँव सादाबाज जिला हाथरस यूपी ले जा रहा था। लोडिग गाडी में सवारी बैठाये हुए पाया गया। गाड़ी चालक अजय कुमार यादव के द्वारा परमिट मालयान का होने और वाहन में सवारी ढोने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने से मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192, 66/192(A), 52/192, 112/183(1), 130/177(3), 184, 179(2) तहत वाहन को जब्त कर कार्यवाही की गई।

### पूर्व में कई बार हो चुके हैं हादसे

गौरतलब है कि यातायात नियमों के विपरीत लोडिंग वाहनों में सवारियों को सफर कराया जा रहा है। ओवरलोडिंग के चलते कई बार पिकअप, ट्रेक्टर एवं आटो पलटने की घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं। खासकर मजदूर वर्ग के लोगों को मजदूरी कराने के नाम पर इस तरह मालवाहक वाहनों में ठूंसकर ले जाया जाता है। ग्रामीण मार्ग पर अधिकतर लोडिंग वाहनों में इतने लोगों को बैठाकर सफर कराया जाता है। मालवाहक वाहनों में ओवरलोड सवारियां बैठाने पर यदि कोई हादसा हो जाए तो दो-चार नहीं दर्जनों लोगों की जाने जा सकती हैं। हाईवे से लेकर ग्रामीण अंचलों में पिकअप वाहन में मजदूरों को बैठाकर मजदूरी कराने ले जाते देखा जा सकता है। खासकर फसलों की कटाई, दूसरे जिलों एवं राज्यों में मजदूरी कराने आदि के लिए श्रमिकों को जान जोखिम का सफर कराया जाता है। इस तरह लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लोडिंग वाहनों के चालकों द्वारा क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर हादसों को न्यौता दिया जा रहा है। ओवरलोडेड वाहन बेखौफ होकर थाने के सामने से गुजर रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस के आला अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ओवरलोड वाहन आए दिन हादसे का पर्याय बनते हैं। डग्गामार वाहन जहां क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं। वहीं पिकअप वाहन भी ओवरलाडिंग कर सड़कों पर आवागमन करते देखे जा रहे हैं।

---

# जिले में गेहूं स्टॉक सीमा लागू, निर्देश किये जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेशानुसार गेहूं के व्यापार में स्टॉक सीमा लागू कर दी गई है। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए विशिष्ट खाद्य पदार्थो पर लाइसेंसी अपेक्षाओं, स्टॉक सीमा और संचलन प्रतिबंध हटाने (संशोधन) आदेश में बदलाव किया गया है। यह स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी।

व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और रिटेलर्स के लिए स्टॉक सीमा- इस संबध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि व्यापारी या थोक विक्रेता अधिकतम 250 मीट्रिक टन गेहूं का भंडारण कर सकते हैं जबकि रिटेलरों के प्रत्येक आउटलेट के लिए 4 मीट्रिक टन की सीमा तय की गई है। बड़ी चेन रिटेलरों के लिए भी प्रति आउटलेट 4 मीट्रिक टन की सीमा निर्धारित की गई है, लेकिन उनके सभी आउटलेट और डिपो में स्टॉक की कुल मात्रा आउटलेट की संख्या से 4 गुणा मीट्रिक टन से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### प्रोसेसर के लिए विशेष प्रावधान

प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत मात्रा को अप्रैल 2025 तक शेष महीनों से गुणा कर निर्धारित किया जाएगा। इस आदेश के तहत प्रोसेसिंग इकाइयों को अपने स्टॉक की स्थिति स्पष्ट रखनी होगी।

### स्टॉक की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

सभी इकाइयों को भारत सरकार के खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर अपने स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि किसी के पास निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक पाया जाता है, तो अधिसूचना जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर उसे स्टॉक सीमा के भीतर लाना अनिवार्य होगा।

### शासन के निर्देशों का पालन करने की अपील

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी गेहूं व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, रिटेलरों, बड़ी चेन रिटेलरों और प्रोसेसर्स से अनुरोध किया गया है कि वे शासन के निर्देशों का पालन करें और अपने धारित स्टॉक को निर्धारित सीमा में रखें, साथ ही तय समयावधि में पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति घोषित करें।

---

**पाक्सो अधिनियम पर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन**

# कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिज्ञासाओं का समाधान भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 संशोधन 2021 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते, की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में नयन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास, जिला कटनी द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उद्देश्य, बाल संरक्षण के क्षेत्र में चुनौतियों, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित समसामयिक



विषयों पर उद्बोधन दिया गया । तदोपरांत अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा अपने उदबोधन में समस्त प्रतिभागियों को बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ करने के लिये प्रेरित कर विभिन्न विभागों एवं संस्थाएं को आपसी समन्वय स्थापित कर एक टीम के रूप में बाल संरक्षण एवं सुरक्षा के लिये कार्य करनें की बात कही।

अमरजीत कुमार सिंह, सलाहकार, यूनिसेफ भोपाल द्वारा प्रतिभागियों को पीपीटी एवं लघु फिल्मों के माध्यम से पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं नियम 2020 एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 संशोधन 2021 के विभिन्न प्रावधानों, बाल संरक्षण एवं बाल सुरक्षा के क्षेत्र की चुनौतियों एवं उनके समाधान, विभिन्न पर्णधारियों के उत्तरदायित्व एवं अंतरविभागीय समन्वय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अनुज चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा पॉक्सो पीड़ितों के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया । सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक द्वारा पॉक्सो अधिनियम अंतर्गत सहायक व्यक्ति, परामर्श पैनल के गठन एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मंच संचालन मनीष तिवारी, संरक्षण अधिकारी द्वारा किया गया । प्रशिक्षण में विशेष किशोर पुलिस इकाई के पदाधिकारी आदि की उपस्थिति रही।

---

**विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स से बचाव की दी जानकारी**




शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के रेडरिबन क्लब के अंतर्गत शनिवार को डॉ. गायत्री शरण तिवारी मेडिकल ऑफिसर शासकीय चिकित्सालय बड़वारा के द्वारा HIV एड्स के विषय में बताया । प्राचार्य रोशनी पाण्डेय एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ .लवकुश सिंह और रेडरिबन प्रभारी डॉ. दादूराम साकेत के संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को HIV एड्स के प्रति जागरूक रहने और समाज को सजग करने के लिए संदेश दिया ।इस आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही है।

---

# जगुवा ग्राम के आसपास बाघ की मूवमेंट मिलने पर हाथियों से की जा रही सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही तहसील के ग्राम जगुवा पनपथा बफर जोन क्षेत्र बांधवगढ़ नेशनल पार्क की सीमा से लगा हुआ है कुछ दिनों पहले बाघ ने दो ग्रामीणों पर हमला कर लहुलुहान कर दिया था ग्रामीणों व स्कूली छात्रों में बाघ की दहशत का माहौल बना था इसके बाद वनविभाग ने ललटेना की झाड़ियों की सफाई जेसीबी से करवाया की साफ-सफाई दिखे कहीं छुपकर झाड़ियों में बाघ शिकार के लिए बैठा रहता था फिर भी राहर व सरसों में छिपने का अड्डा बना लेता है फसल की सफाई नहीं हो सकती किसानों का जीवन उपार्जन है।

बफर जोन एरिया के ग्रामों में आयें दिनों खतरनाक जंगली जानवरों की आहट बनी रहती है



ग्रामीणों ने बताया की ग्राम जगुवा के आसपास फिर बाघ देखने को मिला ग्रामीणों में दहशत वन विभाग का कहना है बाघ का मोमेंट जगुवा के आसपास मिला वन अमला हरक़त में आया हाथियों से सर्चिंग की जा रही है 24घंटे सुरक्षा को लेकर कर्मचारी व अधिकारी तैनात हैं गश्त भी चल रही है बाघ को हाथी ने जंगल की ओर कई बार खदेड़ा फिर भी आ जाता है।

गांव वालों को हिदायत दी गई है की बाघ के मोमेंट वाले क्षेत्र में आवागमन न करें सावधान रहें सुरक्षित रहें बाघ होने की जानकारी तत्काल वनविभाग को दें।।

---

**दानापुर एक्सप्रेस में हुई घटना, पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं**

# अवैध वेंडर ने किया चाकू से हमला, तीन महिलाओं सहित एक व्यक्ति हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों पर अवैध वेंडरों द्वारा हमले की घटनाएं बढ़ रहीं है। अभी कुछ दिनों पूर्व अवैध वेंडर द्वारा मारपीट की घटना के बाद एक बार फिर दानापुर पुणे एक्सप्रेस में अवैध वेंडर के द्वारा चाकू बाजी किए जाने की घटना सामने आई है। चाकू बाजी की घटना में ट्रेन में यात्रा कर रही महिलाएं और पुरुष घायल हुए हैं। घायलों की शिकायत के आधार पर जीआरपी पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आपको बता दें कि यह पहला अवसर नहीं है जब अवैध वेंडर ने इस तरह से कटनी स्टेशन या फिर यात्री ट्रेन में चाकू बाजी की घटना को अंजाम दिया हो। इसके पहले भी इस तरह के गंभीर



मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके बावजूद जीआरपी पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण अपराधिक तत्वों पर अंकुश नहीं लग सका सका।

सूत्रों के मुताबिक मैहर से दानापुर पुणे एक्सप्रेस ट्रेन में सवार निवासी बासा पथरिया के पुरुष एवम महिला पर चलती ट्रेन में अवैध वेंडर ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है की इस घटना में तीन महिला एवं एक पुरुष यात्री घायल हुआ है। जिन्हे कटनी जीआरपी पुलिस द्वारा इलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।

इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया की दानापुर पुणे एक्सप्रेस की घटना सामने आई है। जिसमे पैंट्री कार के वेंडर से यात्रियों का विवाद हुआ और किसी नुकीली चीज से वेंडर ने उन पर हमला कर दिया। घायल यात्रियों को जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया है। इस मामले में घायल यात्रियों ने बताया की ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने की वजह से पानी बेचने वाले वेंडर से बातचीत हुई और उसने ट्रेन की चेन पुलिंग की कुछ अन्य उसके साथी भी ट्रेन में आ गए और उन्होंने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें हमारे साथ तीन महिला और एक पुरुष घायल हुआ। ट्रेनों में प्रयागराज की लगातार भीड़ चल रही है जिसको लेकर कुछ अवैध वेंडर भी ट्रेनों में सक्रिय है। जिन पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही जिससे उनके हौसले बुलंद है।

---

**ग्राम बेहडीकला मे मनाया गया ग्राम उत्सव कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ब्लॉक समन्वयक बड़वारा श्रीमती नंदनी वाटिया के नेतृत्व में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महगावा (बरछैका ) हरभगत सिंह राठौर के द्वारा जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केसवाल जीके अध्यक्षता में एवं मुख्य अतिथि जनपद बड़वारा उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच सुरेश कुमार विश्वकर्मा, जनपद सदस्य विनय नागवंशी, मनोज तिवारी मंडल अध्यक्ष, जनपद पंचायत बड़वारा पंचायत इंस्पेक्टर उदयभान दहिया, सुदामा प्रसाद यादव एवं ग्राम की बुजुर्ग विश्वेश्वर सिंह गौड़ समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में ग्राम उत्सव कार्यक्रम मां सरस्वती जी के चित्र मे फूल



माला एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

पूजा उपरांत कार्यक्रम के विषय से नवांकुर संस्था प्रमुख हरभगत के द्वारा अवगत कराया गया। तदुपरांत महिलाओं की नींबू दौड़ प्रतियोगिता, शासकीय कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों के बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, मेंटर्स नवांकुर संस्था प्रमुख सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स के बीच रस्साकसी जैसे-देसी खेलों का आयोजन के साथ ही ग्रामीण महिलाओं के द्वारा गोड़ी गाथा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहन लोकगीत नृत्य प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के इसी क्रम में ब्लॉक समन्वयक कटनी बालमुकुंद मिश्रा द्वारा आदर्श ग्राम की परिकल्पना को लेकर विषय में प्रकाश डाला गया! जिला समन्वयक द्वारा सभी शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन के साथ ही जन सहयोग के साथ किए जाने वाले कार्यों को को बताते हुए उन्हें संरक्षित रखना का प्रयास कैसे करें पर प्रकाश डाला गया! उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे जी द्वारा ग्राम उत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए परिषद को शुभकामनाएं दी गई। इसी प्रकार ग्राम सरपंच द्वारा भी कार्यक्रम की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम उपरांत सभी प्रतिभागी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त सभी को प्रमाण पत्र मेडल शील्ड देकर सम्मानित किया गया साथ ही सहभोज कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रवण कुमार द्वारा किया गया विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नवान्कुर संस्था रघुवीर सिंह, मेंटर्स धनीराम कुशवाहा शबनम बानो, दुर्गा प्रसाद केवट, कंछेदी कोरी, प्रियंका रजक बेहडीकला प्रस्फुटन समिति सदस्य कमलेश तिवारी बहादुर सिंह केतकी बाई गंगोबाई, बेला बाई,कलाबाई जीवंत सिंह सुधा सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स राजेश चौधरी, मुकेश कॉल अनुराधा सतनामी फिजा, मांडवी सिंह, साक्षी कुशवाहा, लक्ष्मी केवट आदि उपस्थित रहीं।

---

# स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेलवे स्टेशन में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुरक्षा को देखते हुए चौकसी बढ़ाई गई है। कटनी और मुरवारा रेलवे स्टेशन में महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ जमा हो रही है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और उनकी सुविधा का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा सहित कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा, आरपीएफ, सीआरपीएफ एवं कटनी पुलिस बल के साथ कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन एवं मुरवारा रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। जहां पर उन्होंने आरपीएफ थाना प्रभारी से यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा श्रद्धालुओं, यात्रियों से अपील की गई कि वे रेलवे स्टेशन में बनी पीली लाइन को क्रॉस न करें, रेल सेफ्टी से संबंधित नियमों का पालन करें, जब तक ट्रेन रुक न जाए, ट्रेन के दरवाजे न खुल जाए भगदड़ न करें। साथ ही पुलिस अधीक्षक कटनी ने निर्देशित किया कि सीनियर ऑफिसर्स लगातार मौके पर विजिट करते रहे, रेल्वे कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार अनाउंसमेंट करते रहे। ट्रेन की जो सूचना है कि कौन सी ट्रेन, किस प्लेटफार्म पर आना है वह निश्चित है उसमें अंतिम क्षणों में कोई बदलाव न हो ताकि यात्रीगण परेशान न हों। उन्होंने हॉस्पिटल की टीम और फायर ब्रिगेड स्टेशन में उपलब्ध रखने हेतु निर्देशित किया।

खबर संक्षेप

## बोर्ड परीक्षाओं के पारदर्शी संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी दमोह एस के नेमा ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में पारदर्शिता के साथ संचालन हेतु केंद्राध्यक्षों ,सहायक केंद्राध्यक्षों और संबंधित कर्मचारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल व्यवस्था माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशानुसार की जाए। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा अवधि के दौरान बाहर से चाय नाश्ता मंगाया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी रत शिक्षक परीक्षा के दौरान एक बार प्रवेश करने पर परीक्षा समाप्ति उपरांत ही (उत्तर पुस्तिका जमा करने तक) परीक्षा केंद्र से बाहर निकल सकेंगे। उन्होंने कहा है समस्त केंद्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि पर्यवेक्षक परीक्षा के दौरान कक्षा में ही रहे किसी स्थिति में परीक्षा कक्षा से बाहर भीतर नहीं होंगे, परीक्षा केंद्र पर दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार कार्यवाही की जाए।

## निरोगी काया अभियान की हुई शुरूआत

**दमोह ।** प्रदेशव्यापी निरोगी काया अभियान की शुरूआत दमोह शहरी क्षेत्र सहित सभी विकासखंडों में कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया विकासखंड तेन्दूखेड़ा के आयुष्मान आरोग्यम मंदिर हर्रई पहुँचकर निरोगी काया अभियान के तहत दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। पदस्थ सीएचओ खुशबू वाल्मिक को अपनी टीम के साथ ग्रामीणजनों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप सेवा देते हुए पाया गया। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरूष-महिलाओं की उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा नॉन एल्कोहलिक फैटी लीवर की पहचान एवं निःशुल्क उपचार सेवा हेतु निरोगी काया अभियान 20 फरवरी से 21 मार्च दौरान चलाया जायेगा।

### आवागमन में होती है परेशान

# घुराघाट पुल से देवगांव पाडाझिर मार्ग जर्जर, सड़क पर चलना हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नागरिकों का आवागमन सुलभ बनाने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा सड़को का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि आवागमन में लोगों को परेशानी ना हो लेकिन हटा नगर से घुराघाट पुल से सटे पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवगांव पाडाझिर से होते हुए भिलौनी फतेहपुर तक जाने वाली करीब 10 किलोमीटर की सड़क क्षतिग्रस्त होकर गड्डो में तब्दील हो गई है। जिससे ग्रामीणों को इस सड़क मार्ग से निकलने में खासी दिक्कत हो रही है। इस सड़क का निर्माण करीब 5 साल पूर्व लोक निर्माण विभाग से ठेकेदार द्वारा कराया जाना बताया जा रहा है। उक्त सड़क का उपयोग देवगांव पाडाझिर गूढ़ा बरतलाईं, भिलौनी खमरिया फतेहपुर के रास्ते वाले गांव के अतिरिक्त अन्य ग्रामीण रहवासी भी करते है, बल्कि विद्यार्थी भी शिक्षा अध्ययन करने के लिए तहसील मुख्यालय हटा आते है। इसके अतिरिक्त किसान भी स्वयं की कृषि भूमि तक जाने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते है, लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में सभी को खासी दिक्कत उठाना पड़ रही है। वही इस दौरान फतेहपुर अजब धाम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में रोजाना हजारों की संख्या में टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों का आना-जाना भी अधिकांश इसी मार्ग से लोग कर रहे हैं। वहीं लोगों का कहना यह भी है कि इस सड़क की दुर्दशा बड़े वाहनों, डंपर आदि के निकलने से हुई है जो हारट टोल टैक्स नाका बचाने के चक्कर में इस सड़क मार्ग से निकलते हैं।

### गड्डो में तब्दील हुई सड़क

उक्त सड़क पर घुराघाट पुल के पार करते ही पाडाझिर तिगड्डा तक पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है और कहीं-कहीं तो सिर्फ गिट्टी ही सड़क पर दिखाई दे रही है जो कि आवागमन में परेशानी का कारण बनी हुई है। वर्तमान समय में उक्त करीब 3 किलो मीटर की सड़क पर हजारों से अधिक गड्ढे बन चुके है जो कि आवागमन में कष्टदायक बन रहे है।

### ग्रामीण कर चुके है सड़क मरम्मत करने की मांग

ग्रामीण सुक्खी राजपूत, आनंद सिंह राजपूत, रवि अहिरवार आदि ने बताया कि घुराघाट पुल से पाडाझिर तिगड्डा तक की क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़क की मरम्मत कराने की मांग अनेक दफा प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से कर चुके है। लेकिन किसी ने भी सड़क की मरम्मत कराने कार्रवाई नहीं की, हालांकि ग्रामीणों को इस क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन जरुर मिलता रहा, मिले आश्वासन पर सालो बीत जाने के बाद भी अमल नहीं हो सका और ग्रामीण स्वयं को ठगा महसूस कर रहे है। जबकि इस विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदेश के राज्य मंत्री हैं इसके बावजूद भी विधानसभा क्षेत्र के इन गांवों की सड़कों की दुर्दशा दयनीय है।

# विद्यार्थियों ने किया किला एवं नर्सरी का भ्रमण

**हटा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार पूर्व माध्यमिक स्तर के जिज्ञासु विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आसपास के पुरातात्विक स्थलों, उन्नत कृषि फार्म, लघु उद्योग, शासकीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली इत्यादि से विद्यार्थियों को परिचित कराये जाने की योजना के तहत जनशिक्षा केन्द्र एमएलबी हटा के विद्यार्थियों को शनिवार की दोपहर हटा के किले का भ्रमण कराया गया। माध्यमिक शाला पांजी कुलुवा खेजरा भिड़ारी रसीलपुर बोरीकला प्रेमपुरा एवं शहरी क्षेत्र की माध्यमिक शाला बड़ा हटा, बजरिया बोर्ड,पुत्री शाला, एमएलबी हटा एवं मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को रिजर्व बस के माध्यम से किले में लाकर उन्हें किले के पुरातात्विक महत्व से यहां के कर्मचारी राजा कुमार द्वारा परिचित कराया गया। किले में ही निर्धारित समय अनुसार विद्यार्थियों को भोजन कराने के बाद अवलोकन पश्चात बस के माध्यम से ही उन्हें दमोह नाका स्थित संजय निकुंज नर्सरी का भ्रमण कराया गया।



विद्यार्थियों ने किले में अपनी इस एक्सपोजर विजिट के दौरान ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। किला भ्रमण के दौरान ही बच्चों ने किले के इतिहास के बारे में शिक्षकों से जिज्ञासु प्रश्न करके जानकारी प्राप्त की वहीं नर्सरी में वर्मी कम्पोस्ट बेर की उन्नत कलम छोटे पौधों की देखभाल इत्यादि गतिविधियों को जाना। भ्रमण के दौरान बीआरसी कार्यालय से बीएसी सुनील पाठक जनशिक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत प्रताप पटैल संदीप सोनी एवं स्कूल शिक्षकों में से पुष्पेंद्र राज ओमकार पाल दिनेश प्यासी मुकेश तिवारी बालाराम अहिरवार मनीराम रोहित प्रियंका गर्ग गनपत अहिरवार सुमन द्विवेदी मीना साहू स्मिता नामदेव ओमकार तिवारी रूचि असाटी अंजलि पटैल गोविन्द रावत लीना गोस्वामी की उपस्थिति रही।

## भगवान सहस्त्रबाहुः अनीति और अन्याय के विरोधी : पं सुरेश तिवारी

**बनवार।** जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत कौरता में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के भव्य और दिव्य आयोजन में कथाव्यास पंडित श्री सुरेश तिवारी भगवान सहस्त्रबाहु की भक्ति प्रसंग का वर्णन करते हुए भगवान सहस्त्रबाहु को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने अनीति और अन्याय के विरोध में लड़ाई लड़ी और विश्व विजेता बने। उन्होंने अपने राज्य में सब जनता को सामान अधिकार का दर्जा दिया, जैसा कि तुलसीकृत रामायण में



वर्णित है। भगवान सहस्त्रबाहु की कथा में यह भी उल्लेख है कि उन्होंने रावण को हराया था, जैसा कि हनुमान जी और रावण की वार्ता में वर्णित है। हनुमान जी ने रावण को उसकी औकात बताते हुए कहा था कि तू वही रावण है जिसको सहस्त्रबाहु ने हराया था। भगवान सहस्त्रबाहु की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 25 फरवरी को मनाया जाएगा जिसमें जबेरा नगर के प्रसिद्ध नरसिंह देवालय से भव्य शोभायात्रा निकल जाएगी जो प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव स्थल कौरता पिपरिया पहुंचेगी जहां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# ऑल इंडिया बालीबाल टूर्नामेंट में लखरौनी पहुंचे क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन डेयरी मंत्री



**पथरिया।** ग्राम लखरोनी शासकीय माध्यमिक स्कूल ग्राउंड पर चल रहे ऑल इंडिया टूर्नामेंट के द्वितीय दिवस बाहरी व क्षेत्रीय टीमों के मैच खेले गए, आयोजित टूर्नामेंट में क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन डेयरी मंत्री लखन पटेल ने शिरकत की व खिलाडियों का परिचय कर उत्साह वर्धन किया, मंच से ग्राम लखरोनी की उत्कृष्ट छात्राओं व सेवानिवृत अधिकारियों कर्मचारियों का साल श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा लखरोनी से घोगरी गुलाल की ओर कच्ची सड़क से आवागमन में बहुत दिक्कतें होती हैं और निरंतर शिकायतें भी आ रहीं है शीघ्र ही उक्त पक्की सड़क बनाने का आश्वासन दिया आयोजन समिति व संचालक पुष्पेंद्र पटेल की प्रशंसा की, इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, महेश पटेल, योगेश चौधरी,राजू शर्मा,झब्बू सिंह कुलदीप पटेल,जी.पीं कुर्मी,बद्री पटेल सहित खेल प्रेमियों भारी भीड़ रही।

# चारों ओर खड़े वाहनों से आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के मुख्य मार्गों के किनारे दिन रात खड़े होने वाले वाहनों से नगर की यातायात व्यवस्था बिगाड़ने में पूरा सहयोग कर रही है। जिसके कारण रोड से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में परेशानी होती है। नगर के मंदिर मस्जिद चौराहा से अंधियारा बगीचा मार्ग पर छोटे-बड़े वाहन सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े रहते हैं। जिसके कारण एक तरफ यहां पल-पल में यातायात व्यवस्था बाधित होती है, दूसरी ओर रोड के दोनों तरफ वाहन पार्क रहने से हादसा होने की आशंका बनी रहती है। इसके साथ ही कई जगह कंडम वाहन रोड किनारे दिनभर जगह घेरकर खड़े रहते हैं जिसके कारण रोड से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में परेशानी होती है। इसके अलावा मंदिर मस्जिद चौराहा से राय चौराहा, तीन बत्ती तिगडडा से पेट्रोल पंप वाले मार्ग पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण ऐसे में कई बार बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ती है और रोजाना जाम की स्थिति बनती है।

### कई बार टक्कर होने से बचते हैं वाहन

सड़क किनारे खड़े रहने वाले वाहनों से सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड रोड से मंदिर मस्जिद चौराहा से अंधियारा बगीचा एवं राय चौराहा से पेट्रोल पंप वाले मार्ग पर रहती है। जिससे इस मार्ग पर किनारे खड़े वाहनों के चलते लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। वहीं कई बार वाहन एक-दूसरे टकरा जाते हैं, तो कई बार टक्कर होने से बचते हैं। सड़क किनारे जगह-जगह हाथ ठेले भी लगे रहते हैं। ऐसे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों का निकलना भी मुश्किल रहता है।

# एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दी अपनी नृत्य प्रस्तुतियां

### भक्ति रस ओत रही प्रसिद्ध भजन गायिका उर्मिला पांडे की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

19 फरवरी से 28 फरवरी तक जबेरा विधानसभा के नोहटा में चल रहे नोहलेश्वर महोत्सव एवं मेला के तीसरे दिन एकल नृत्य प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 10 वर्ष एवं 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुतियां दी साथ ही छतरपुर से आई प्रसिद्ध भजन गायिका उर्मिला पांडे एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। एकल नृत्य प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 10 वर्ष के आयु वर्ग में लगभग 8 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम अंबिका पाठक, द्वितीय इच्छा सेन, तृतीय मायरा खान, रही। वहीं 5 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 12 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एकल नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में हरिओम दुबे,पंकज चतुर्वेदी, ब्रजेन्द्र राठौर दीक्षा सेन, शिवानी वाल्मीकि मंचासीन रहे। मंच संचालन अनिल खरे ने किया। भक्ति गीतों के लिए प्रसिद्ध भजन गायिका उर्मिला पांडे एवं उनकी टीम द्वारा शिव भक्ति श्री राम भजन श्री कृष्ण भजन से संबंधित विभिन्न भक्ति गीतों के माध्यम से महोत्सव में ईश्वरीय भक्ति से वातावरण को भक्ति भावना से ओत प्रोत किया। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं भजन गायिका उम्र पांडे एवं उनकी टीम का राज्य मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में विभिन्न मंडलों से आए हुए वरिष्ठ एवं युवाओं का महोत्सव मंच से महोत्सव के संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी एवं नितेंद्र सिंह लोधी द्वारा दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने लिया मेले का खूब आनंद उठाया झूला, निशानेबाजी, तीरंदाजी में आजमाएं हाथ महोत्सव में संस्कृति पर्यटन एवं धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मेला परिसर में घूम कर मेले का आनंद उठाया मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मेले का आनंद तभी आता है जब आप स्वयं उसमें रम जाय और और इसी आनंद का लुफ्त उठाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ महोत्सव में आए हुए विभिन्न दुकानदारों से मिलकर और उनके वार्तालाप कर मेले से संबंधित अनुभव साझा किए।

# विद्यार्थियों को शाला परिवार ने दी विदाई

**बनवार।** नहुष पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल बनवार में शनिवार को शाला परिवार द्वारा कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। विदाई समारोह में पहुंचे कक्षा आठवीं के सभी बच्चों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने बीते आठ वर्ष तक संस्था में पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक व अन्य गतिविधि, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अन्य पलों की याद कर भावुक हुए और कहा कि यह संस्था ने शिक्षा के साथ हमें सभी प्रकार की ज्ञान दी है। इस संस्था के शिक्षकों के मार्गदर्शन को सदैव याद रखेंगे। वहीं संस्था प्रमुख प्रदीप पटेल ने कहा कि संस्था में रहकर अनुशासन का पालन करते हुए आठ वर्षों तक शिक्षा प्राप्त किए हैं। परीक्षा में बिना कोई तनाव के बैठें ताकि अच्छा अंक अर्जित हो और आपके मां-बाप के साथ-साथ संस्था का भी नाम रोशन हो। इसके साथ ही शाला परिसर मे सुन्दरकाण्ड का आयोजन का कन्याभोजन भी आयोजित कराया गया. इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित जैन,सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार सहित संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिका और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नहीं कृष्णभक्ति में बिताएं: पं माशंकर शास्त्री

बनवार में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस कथा में अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा व्यास उमाशंकर शास्त्री ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी।मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है।



### भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण करती है

भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि बिना जाति और बिना मजहब देखे इनसे आप जो मांगे ये आपको वो देती है इसलिए मनुष्य को जीवन सांसारिक भोग में नही कृष्णभक्ति में बिताना चाहिए।

# सचिव एवं जीआरएस का प्रशिक्षण सम्पन्न



**दमोह।** सरकार द्वारा मजरों एवं टोलो को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए सर्वे कराया जाना है, यह सर्वे संपर्कता सर्वे एप के माध्यम से होगा। सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा प्रशिक्षण गम्भीरता से लिया जाए, शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी को पहुँचे इस उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित हो रहा हैं। जिला ई-गवर्नेस प्रबंधक महेश अग्रवाल ने बताया 100 से अधिक जनसंख्या की ऐसी बसाहटें जो बारहमासी सड़को से कनेक्ट नहीं है, के चिन्हांकन का कार्य संपर्कता सर्वे मोबाइल एप के माध्यम से होगा इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षक हर्षा मिश्रा तथा शिवम् अरजरिया के द्वारा जनपद पंचायत दमोह में पदस्थ सचिव एवं जी आर एस को यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**संत गाडगे जयंती आजः राष्ट्रसंत श्री गाडगे महाराज की 149 वी जयंती आज धूमधाम से मनाया जाएगी, होंगे कार्यक्रम**

# संत श्री गाडगे महाराज ने देशवासियों को शिक्षा और स्वच्छता के प्रति किया था जागरूक- भागीरथ रजक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

आज 23 फरवरी को संत श्री गाडगे जी महाराज की 149 वीं जयंती सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम कर धूमधाम से पूरे जिले में मनाई जाएगी। संत गाडगे समाज के प्रति सदैव आजीवन समर्पित रहे। उन्होंने अपने जीवन में अनाथलायक, विद्यालय, चिकित्सालय आदि की स्थापना करते देशवासियों को शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। आज की युवा पीढ़ी को उनसे सीख लेनी चाहिए। उनके विचारों में बच्चों को शिक्षित बनाने की प्रेरणा थी। रजक समाज के लोगों का कहना है कि संत गाडगे बाबा के जीवन का एकमात्र ध्येय था-लोक सेवा। दीन-दुखियों तथा उपेक्षितों की सेवा को ही वे ईश्वर भक्ति मानते थे। उनका विश्वास था कि ईश्वर दरिद्र नारायण के रूप में मानव समाज में विद्यमान है। मनुष्य को चाहिए कि वह इस भगवान को पहचाने और उसकी तन-मन-धन से सेवा करें। भूखों को भोजन, प्यासे को पानी, अनपढ़ को शिक्षा, बेकार को काम, निराश को ढाढस और मूक जीवों को अभय प्रदान करना ही भगवान की सच्ची सेवा है। संतश्री के जीवन से सभी को सीख लेनी चाहिए और मानव सेवा करना चाहिए वहीं जिले सहित पूरे देशभर में आज गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।



भागीरथ रजक कहते हैं कि राष्ट्रसंत गाडगे बाबा स्वच्छता अभियान के जनक होने के साथ ही महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक कुरीतियों अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया है शिक्षा के प्रति जन जागरूकता भी उनके मुहिम का हिस्सा थी संत गाडगे बाबा का मुख्य उद्देश्य था कि भले ही घर का बर्तन बिक जाए, रोटी हाथ में लेकर खाना पड़े लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाए।

**भागीरथ रजक, तेन्दूखेड़ा**



राकेश रजक कहते हैं कि शिक्षा ही समाज का दर्पण होता है जो समुदाय शिक्षित होता है, उसका विकास तेजी से होता है हर माता-पिता को भी अपने बच्चों को शिक्षा से जोड ना चाहिए इससे परिवार का उत्थान होगा अभी भी बहुत कई समाज में अशिक्षा है जिससे वह विकास की धारा से दूर है रजक समाज को संतश्री के बताए मार्ग पर चलकर समाज का विकास करना होगा अपने बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें देश के विकास में भागीदारी का हिस्सा बनाना होगा



राजकुमार रजक कहते हैं कि राष्ट संत श्री गाडगे समाज के महापुरुष के साथ संविधान निर्माता आंबेडकर के राजनैतिक गुरु भी है समाज की एकता ही सबसे बड़ी पूंजी है। संत गाडगे शिक्षा और स्वच्छता के नायक थे सबसे पहले हाथ में झाडू लेकर और मिट्टी का घड़ा से पानी पीकर लोगों को संदेश दिया था। उन्होंने अंधविश्वास जैसी समाज की कुरीतियों को खत्म करने को लेकर लगातार देश के कोने-कोने में समाज सुधार का प्रयास किया था। हम सभी को बाबा के बताए मार्ग पर चलना होगा।

**राजकुमार रजक तेन्दूखेड़ा**




सोनू रजक कहते हैं कि आधुनिक भारत के जिन महापुरुषों पर गर्व होना चाहिए उनमें से राष्ट्रीय संत श्री गाडगे बाबा का नाम सर्वोपरि है यदि ऐसा कहा जाये तो कोई गलत नहीं होगा मानवता के सच्चे पुजारी सामाजिक समरसता के घोतक निष्काम कर्मयोगी यदि किसी को माना जाए तो वह संत थे संत गाडगे बाबा वास्तव में गाडगे बाबा के जीवन से उनके कार्यों से तथा उनके विचारों से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं हम समाज और राष्ट्र को काफी कुछ दे सकते हैं सोनू ने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए

**सोनू रजक युवा तेन्दूखेड़ा**



नीलेश रजक कहते हैं कि राष्ट्रसंत श्री गाडगे महाराज एक समाज के न होकर समस्त मानव जाति के गुरु हैं उनके बताए रास्तों पर चल कर सभी का कल्याण होता है गाडगे जी महाराज ने कहा था कि संगठित रहो संघर्ष करो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दो और मानव सेवा सदभावना से अपना कार्य करते रहो नशामुक्त जीवनयापन करो।

**-नीलेश रजक तेन्दूखेड़ा**



भरत रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा ने अपने संदेश में कहा था कि बेकार को रोजगार प्यासे को पानी भूखे को रोटी बेघरों को मकान अंधे लंगड़े की सहायता पशु पक्षियों एवं मूक प्राणियों की सेवा ही सच्चा धर्म है समस्त रजक समाज के लोगों को एकजुट होकर समाज के विकास के लिए आगे बढ़ना चाहिए वहीं समाज में फैली कुप्रथाओं को दूर करें साथ ही हर रजक समाज की युवा साथियों को एकजुट होकर समाज के प्रति जागरूक होना चाहिए और समाज से जुड़ी बातों पर ध्यान देना चाहिए ।

**- भरत रजक युवा**

## खबर संक्षेप

### जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में पहुंचे सांसद

**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी अजब धाम पँहुचे और जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए। सांसद राहुल सिंह लोधी ने देव श्री रामकौमार जी शाला में श्रीराम जी और हाना श्री जै जै सरकार के दर्शन कर छोटे सरकार से आशीर्वाद लिया। उन्होंने धार्मिक कार्यक्रम के सम्बंध में चर्चा भी की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, गौरव पटेल, धर्मेंद्र कटारे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने यंहा श्रीराम मंदिर में दर्शन किये और प्रसादी ग्रहण की।

### आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल आज 22 फरवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे । राज्य मंत्री श्री पटैल संशोधित कार्यक्रम अनुसार ग्राम फतेहपुर मैं जै-जै सरकार महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप दोपहर 3.30 बजे अजब धाम फतेहपुर से ग्राम लखरौनी के लिये प्रस्थान करेंगे। शाम 4.30 बजे ग्राम लखरौनी में ऑल इंडिया व्हालीवाल टूर्नामेंट में सम्मिलित होंगे। शाम 5 बजे दमोह आयेंगे समय आरक्षित रखा गया है। राज्यमंत्री श्री पटैल शाम 7 बजे स्थानीय मानस भवन में आयोजित इकरार उत्साद स्मृति समारोह में सम्मिलित होंगे। आप रात्रि 8.30 बजे नोहटा प्राचीन शिव मंदिर नोहलेश्वर नोहटा में आयोजित

### नोहटा महोत्सव कार्यक्रम देखकर लौट रहे बाईक सवार हादसे का शिकार

# खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराए बाईक सवार एक की मौत, दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

शुक्रवार की देर रात नोहटा नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रम देखकर लौट रहे अभाना निवासी बाइक सवार का एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। यह हादसा नोहटा आभाना मार्ग पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकराने की वजह से हुआ है। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल युवकों को उपचार के लिए जंप सदस्य अनिल रैकवार आभाना जंप सदस्य सुनील नेमा की मदद नोहटा पुलिस के द्वारा 108 वाहन से जिला



अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है। नोहटा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जबलपुर एन एच 34 नोहटा पुल के पास सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक टकरा गई हादसे में बाइक में सवार सचिन्द्र पिता रविंद्र जैन उम्र 22 वर्ष निवासी अभाना को डाक्टरो ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया जबकि लोकेश पिता लाला रैकवार उम्र 21 वर्ष सचिन्द्र मनोज कुमार 21 वर्ष निवासी की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है जहाँ पर उपचार चल रहा और घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है। वही शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसे में युवक की मौत की खबर से पूरे आभाना ग्राम में मातम पसरा हुआ है।

## सड़क हादसों में तीन घायल व एक रेफर

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सामने आए तीन सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। जिसमें एक युवक को गंभीर रूप से घायल होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जांच कर रही है। पहला हादसा सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर नाग बाबा के समीप हुआ है जहां पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। हादसे में अनाड़ी पिता बसंत अहिरवार उम्र 40 वर्ष मोहित पिता अनाड़ी अहिरवार उम्र 10 वर्ष में निवासी गोहची थाना तेजगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जबलपुर से सागर जा रहे पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अपने निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से अनाड़ी पिता बसंत अहिरवार को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर रेफर किया गया है वहीं मोहित अहिरवार का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरा हादसा दमोह मार्ग पर हुआ है। जहां नीलेश पिता रवि यादव उम्र 13 वर्ष को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर चला गया जहां घायल नीलेश यादव को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। इसी तरह एक अन्य आदी में राकेश पिता गेमा बंजारा राजस्थान उम्र 25 वर्ष कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सहित गिर गया। घायल को गंभीर अवस्था में इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज जारी है।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# तहसीलदार ने दो जेसीबी व तीन डंपर किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार/दमोह

दमोह जिले के जबेरा ब्लॉक के भाट खमरिया गांव में खनन का मामला सामने आया था जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन ने इसे अवैध बताते हुए काम रुकवा दिया और अवैध उत्खनन की जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे शिकायत की गई लेकिन शिकायत के घंटों बाद जबेरा तहसीलदार मौके पर नहीं पहुंचने पर संगठन के द्वारा पूरा मामला कलेक्टर संज्ञान में डाला गया। जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे ने मौके पर पहुंचकर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान की मौजूदगी दो जेसीबी और तीन डंपर जब्त कर लिए। संगठन ने दमोह विधायक के बेटे सिद्धार्थ मलैया की कंपनी अर्जुन कंस्ट्रक्शन पर अवैध खनन का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब वे काम रुकवाने गए, तो खनन करने वाले कर्मचारियों ने मुरम निकासी के डॉक्यूमेंट मांगने पर चालक एवं कर्मचारियों द्वारा कोई कागज नहीं दिया गया। इसके बाद सैकड़ो कार्यकर्ताओं को बुलाया गया और जब तक जेसीबी एवं डंपर जब्ती की कार्यवाही नहीं हुई तब मुरम निकासी स्थल पर डटे रहे तब कहीं जाकर दबाव में आए जिला प्रशासन के द्वारा जबेरा तहसीलदार को भेजकर उक्त कार्रवाई कार्यवाही की गई। इस मामले में सिद्धार्थ मलैया का कहना है कि कार्रवाई गलत तरीके से की गई है। उनके अनुसार, सरकारी काम के लिए पंचायत की अनुमति से तालाब का गहरीकरण या चौड़ीकरण कर मुरम निकालने पर माइनिंग विभाग से अनुमति की जरूरत नहीं होती। साथ ही रॉयल्टी भी नहीं देनी पड़ती। मलैया ने बताया कि निकाली गई मुरम का उपयोग दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे की मरम्मत में किया जा रहा है। उन्होंने काम में बाधा डालने वालों के खिलाफ दमोह एसपी से शिकायत की है। जबेरा तहसीदार



सोनम पांडे का कहना है कि ग्राम भाट खमरिया से अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त हुई थी हल्का पटवारी द्वारा मौके पर जांच की गई और जानकारी दी गई यहां अवैध उत्खनन हो रहा जिसकी कोई अनुमति नहीं ली गई थी मौके पर पहुंचकर यहां जो अवैध उत्खनन में जो वाहन उपयोग किए जा रहे दो जेसीबी और तीन डंपर जप्त किया गया निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी भी यहां मौजूद हैं लेकिन उनके द्वारा कोई अनुमति नहीं ले गई थी जिसके चलते कलेक्टर दमोह के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई है।

### वर्क आर्डर है, ग्राम पंचायत की अनुमति भी है

सिद्धार्थ मलैया का कहना है जबेरा जनपद के भाट खमरिया ग्राम पंचायत में जो हमारे वहां और मशीन काम कर रहे थे। कुछ लोगों द्वारा अवैध उत्खनन बताकर उससे रोकने का काम किया चूंकि हमारे वाहन जबेरा थाने में जप्त है उसके कारण हमें जबेरा तहसील महोदय और पुलिस अधीक्षक दमोह को जो हमारी जितनी परमिशन है वर्क आर्डर है ग्राम पंचायत की अनुमति है। मध्य प्रदेश शासन का आदेश है माइनिंग विभाग से अनुमति की जरूरत नहीं है और बिना रॉयल्टी और बिना विक्रय के शासकीय कार्य में उपयोग की जा सकती है। उस तरह की जानकारी हमने उपलब्ध करवाई है। उसकी वह जांच करवा लें और आगामी समय में तालाब की गहरीकरण नवीनीकरण के कार्य होंगे और मुरम मिट्टी का उपयोग शासकीय कार्यों में उपयोग होगा एक तो सर्वसाधारण को इसकी जानकारी नहीं होगी। संगठन के लोगों के द्वारा इसको अवैध उत्खनन बताया उनको भी यह जानकारी देना चाहता हूं यह अवैध उत्खनन नहीं है आप उसको अवैध उत्खनन इसलिए बताना चाहते हैं क्योंकि मेरे पिताजी विधायक हैं। आप उनका नाम आगे बढ़ाकर उसको अवैध उत्खनन बताना चाहते है। मेरे पिता की छवि धूमिल करना चाहते है इसलिए जानकारी के आधार पर और शिकायत के आधार पर दोनों ही तरह से आवेदन दिया गया है । जनसाधारण को सूचित करना चाहता हूं उत्खनन बेध था दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे का जो मरम्मती कारण कार्य हो रहा है। उसमें मोरम और मिट्टी का उपयोग किया जा रहा था शासन के आदेश के अधीन किया जा रहा है ग्राम पंचायत की परमिशन से किया जा रहा है।

# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के ड्राफ्ट का विरोध

### अमेंडमेंट बिल 2025 को बताया काला कानून

**दमोह।** 22 फरवरी 2025 को जिला अधिवक्ता संघ दमोह के समस्त अधिवक्ताओं द्वारा कलेक्टर कार्यलय पहुँचकर भारत के राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन द्वारा श्रीमान् कलेटर महोदय के माध्यम से सौपा गया। उक्त ज्ञापन के संबंध में संघ के अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सरेश कुमार खत्री, सचिव सुधीर पाण्डे, ने जानकारी देते हुये बताया गया है कि भारत सरकार यूनियन लॉ मिनिस्ट्री ऑफ इंडिया के द्वारा एडवोकेट अधिनियम 1961 में संशोधन कर अधिवक्ताओं के लिये नया एडवोकेट अधिनियम लागू करने जा रही है. यूनियन लॉ मिनिस्ट्री ऑफ इंडिया के द्वारा एडवोकेट अधिनियम 1961 में प्रस्तावित संशोधन ड्राप्ट 2025 में पाया गया कि उक्त संशोधन डाष्ट्र में अधिवक्ताओं के अधिकारो को समाप्त कर दिया गया है, प्रस्तावित संशोधन ड्राप्ट 2025 में अधिवक्ताओ को अनुशासनात्मक कार्यवाही का डर दिखाकर अधिवक्ताओ की स्वतंत्रता को कमजोर किया जा रहा है यह कानून न्याय प्रणाली के लिए उचित नहीं है। उक्त बिल यदि लागू किया जाता है तो यह बिल अधिवक्ताओ के अधिकारो पर अनुचित प्रभाव डालने का काम करेगा, जिससे बार और बेंच की कार्यप्रणाली भी प्रभावित होने की संभावना है यह बिल अधिवक्ताओ के लिये एक अनुचित एवं अव्यवहारिक बिल है जिसे अधिवक्ताओं पर जबरन थौपने का अवैधानिक प्रयास किया जा रहा है। अधिवक्ताओ ने इस ज्ञापन के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति महोदया से अनुरोध किया है कि अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधित बिल 2025 काला कानून है इसे लागू न किया जाये। उक्त ज्ञापन देने के लिये जिला अधिवक्ता संघ दमोह के सदस्य अतुलदेव श्रीवास्तव, दीपा मिश्रा, द्रोपती ठाकुर, सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य तथा संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता भगवती श्रीवास्तव, एच.एल.अवस्थी ओमप्रकाश श्रीवास्तव, नीरज हर्ष श्रीवास्तव, पंकज खरे, रामकृष्ण पाराशर श्याम सुंदर विश्वकर्मा, दीपक श्रीवास्तव संतोष दुबे सहित संघ के अधिवक्ताओ के समस्त सदस्यो के द्वारा वाहन के द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन माननीया राष्ट्रपति महोदय के नाम सौपा गया।

# पटेरा में हुआ तीन पालकी जी का मंगल विहार

**दमोह।** धर्मनगरी पटेरा में श्री वेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव के द्वितीय दिवस 22 फरवरी, शनिवार को प्रातः अभूतपूर्व दान प्रभावना के साथ दोपहर में रत्नत्रय स्वरूप तीन *जिनवाणी पालकी जी शोभायात्रा* का मंगल विहार हुआ...जो संपूर्ण नगर का भ्रमण करती हुई चैत्यालय जी पहुंची और वहां ऐतिहासिक कलशारोहण महोत्सव हुआ । अभूतपूर्व दान प्रभावना में जहां एक ओर वेदी जी पर मुख्य कलश आरोहण का सौभाग्य 4,44,444 रु की दानराशि से श्री सवाई सेठ संतोष कुमार, जवाहर लाल, आनंद कुमार, रीतेश कुमार जैन परिवार ने, *शिखर* पर मुख्य कलश आरोहण का सौभाग्य 25,51,551 रु की दानराशि सेअपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में सवाई सेठ राजेंद्र कुमार जी, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, रवि कुमार, जितेंद्र कुमार जैन सराफ परिवार पटेरा ने तथा शिखर पर पीत ध्वज आरोहण का सौभाग्य 7,07,777 रु की दानराशि से सवाई सेठ श्री निर्मल कुमार वकील चंद जी, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार, विकास, अमित, विनय जैन समस्त परिवार ने प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर अन्य दान दाताओं ने भी सहेलियों के कलशारोहण का सौभाग्य प्राप्त किया। इस महा महोत्सव की विशेष उपलब्धि यह है कि अनेकों गुरु भक्तों के साथ ही दीपक ताम्रकार पटेरा* एवं भरत जी पटेल ने भी आजीवन शाकाहार का पालन करते हुए अष्ट मूलगुणों के पालन तथा सप्त व्यसनों का आजीवन त्याग सहित कलशारोहण का महान सौभाग्य प्राप्त किया जिसकी सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मुक्त कंठ से अनुमोदना की। सम्पूर्ण दान प्रभावना पूर्ण कार्यक्रम का सुसंचालन प्रतिष्ठाचार्य पंडित विजय मोही एवं युवा कवि भूपेंद्र जैन ने किया जो अनुकरणीय रहा। संपूर्ण जानकारी युवा परिषद के अध्यक्ष अमित जैन एवं महामंत्री अतुल जैन ने दी है।



## पशुपालन प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित



**दमोह।** हाइडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड यूनिट नरसिंहगढ़ दमोह के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत संचालित बाएफ़ एकीकृत पशु उत्थान कार्य कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पिपरिया चंपत में एक दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है जिसमें सभी पशु पालक बंधुओ ने भाग लिया है जिसमें पशुपालकों को उन्नत पशुपालन एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी दिया गया । पशुपालन विभाग से डॉक्टर एच आर मांझी द्वारा पशुओं के रखरखाव एवं टीकाकरण और पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं उनके उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी शासकीय योजनाओं के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के पशुपालक एवं बाएफ़ संस्था के ए पी गौतम प्रसाद यादव उपस्थित रहे

## हेलीकॉप्टर यात्रा का राज्यमंत्री श्री लोधी ने किया शुभारंभ



**दमोह।** जबेरा के ग्राम नोहटा आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव हेलीकॉप्टर यात्रा का प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने स्वयं पहुंचकर यात्रियों को हेलीकॉप्टर पर बैठाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने भी बैठकर हेलीकॉप्टर के विषय में विभिन्न जानकारी ली और यात्रा कर रहे नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा में हेलीकॉप्टर हवाई यात्रा का शुभारंभ किया गया हैं। हेलीकॉप्टर यात्रा के लिए यात्रियों को रवाना करने के अवसर पर एक अनोखा अनुभव मिला। यात्रियों को सुरक्षित और सुखद यात्रा की कामना करता हूँ। राज्यमत्री श्री लोधी ने कहा मैं सुखद अनुभव प्राप्त कर रहा हूं कि सामान्य परिवार भी इस यात्रा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में हुए शामिल

## राज्यमंत्री लखन पटेल और पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया अजब धाम पँहुचे

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन और डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल बटियागढ़ ब्लाक के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अजब धाम पँहुचे और जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए। अजब धाम पँहुचे राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा यंहा श्रीरामचरितमानस महायज्ञ, 27 कुंडीय महायज्ञ, भागवत कथा आयोजन है, जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव से पूरा वातावरण धर्ममय बना हुआ है। जिसमें आसपास के जिलों से लोग पंहुचकर धर्मलाभ उठा रहे हैं, यंहा के महंत श्री छोटे सरकार जी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ कि उन्होंने यह बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री से 26 फरवरी को अजब धाम पधारने की अपील की है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने पूर्व वित्त मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया के साथ देव श्री रामकौमार जी शाला में श्री जै जै सरकार के दर्शन किये और छोटे सरकार से आशीर्वाद लिया तथा भेंट कर धार्मिक कार्यक्रम के सम्बंध में चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने यज्ञशाला के पास अयोध्या की तर्ज पर स्थापित प्रतिमा श्रीराम जी के दर्शन किये और कथा स्थल, यज्ञशाला में दर्शन कर भोजनशाला में सहभोज प्रसादी ग्रहण की।



### संत गाडगे जयंती पर कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**दमोह।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में संत गाडगे जी की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय संगठन समीक्षा व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन आज 23 फरवरी को दोपहर 12 से स्थानीय डॉ. अंबेडकर भवन कचौरा में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट दिलीप बुद्ध जी एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियर रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर गोवर्धन राज जिला अध्यक्ष बसपा द्वारा की जाएगी। जिला प्रभारी बसपा विधानसभा दमोह कोमल प्रसाद अहिरवार ने समस्त कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्यरा में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था बनेगा भारत- मलैया

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें पूर्व वित्तमंत्री विधायक दमोह जयंत मलैया, मध्यप्रदेश सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन की उपस्थिति रही। पूर्व वित्तमंत्री विधायक दमोह जयंत मलैया ने पत्रकारों को बजट के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार का बजट में विश्व स्तर पर भारत को आगे ले जाने के लिए, गरीबी को घटाकर शून्य तक ले जाने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच लक्ष्य सामने रखकर यह बजट बनाया गया है। बजट में 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, श्रम शक्ति को और अधिक स्किल्ड बनाना, भारत के किसानों के माध्यम से देश को फूड बॉस्केट के रूप में विकसित करने और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने जैसे पांच लक्ष्यों को ध्यान में रखकर यह बजट प्रस्तुत किया गया है। इन




सभी पांचों लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ हर वर्ग-समाज के कल्याण, विकास व आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर बजट में हर क्षेत्र के लिए प्रावधान किए गए हैं। यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। टैक्स स्लैब में दी गई छूट से मध्यम वर्ग को बहुत फायदा मिलेगा। टैक्स स्लैब को बढ़ाकर 12 लाख से अधिक करने के साथ वरिष्ठ नागरिकों को भी छूट मिली है। केंद्रीय बजट में वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज पर या किराये पर टीडीएस के लिए निर्धारित वार्षिक सीमा दो लाख 40 हजार के बढ़ाकर छह लाख किया गया है, इस प्रावधान से देश के करोड़ों वरिष्ठ नागरिकों को फायदा होगा। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का देश के कई लाख किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए किसान क्रडिट कार्ड (केसीसी) किसानों के लिए वरदान बन रहा है। इस बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रावधान का मध्यप्रदेश के लाखों किसानों के साथ देश के करोड़ों किसानों को फायदा मिलेगा। इसका फायदा यह होगा, किसान अपने खेत में जो फसल उगाएंगे उसे आसानी से बाजार तक पहंचाया जा सकेगा।

उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए निवेश व कारोबार की सीमा को ढाई प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। लघु, सूक्ष्य, मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के तहत स्टार्टअप व छोटे उद्योगों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पहली बार दस हजार करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है।

केंद्रीय बजट में 50 हजार अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। बजट में किए गए इस प्रावधान से छात्रों के इनोवेशन को बढ़ावा देगी। जिस तरह से वर्तमान में कम उम्र में छात्र टेक्नालॉजी को अपना रहे हैं, उसके लिए यह अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं बहुत कारगर साबित होंगी। स्कूलों में इंटनरेट उपलब्ध हो, उसके लिए ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी हर सरकारी स्कूलों तक पहुंचाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्कूलों में ब्रॉडबैंड की सुविधा से छात्रों की शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ऑनलाइन पढ़ाई के साथ डिजिटल और स्थानीय भाषाओं में भी पढ़ाई हो सकेगी। मेक फॉर इंडिया व मेक फॉर वर्ल्ड के लिए पांच नए उत्कृष्टता संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड की सुविधा से बड़े शहरों के वरिष्ठ चिकित्सक ऑनलाइन ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों का इलाज कर सकेंगे।

केंद्रीय बजट में हर क्षेत्र के लिए बजट में प्रावधान किया गया है, उन सभी प्रावधानों का लाभ मध्यप्रदेश की जनता को मिलेगा। प्रदेश में 12 नए मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ दो हजार मेडिकल सीटें बढ़ेंगी। कैंसर के इलाज के लिए देश भर में 200 डे केयर सेंटर खोले जाएंगे, जिसमें मध्यप्रदेश को भी पर्याप्तं प्रतिनिधित्व मिलेगा। स्टार्ट अप में वर्तमान कर्ज सीमा को 10 से बढ़ाकर 20 करोड़ किया है। मध्यप्रदेश में इनकी संख्या करीब 30 हजार है। बजट में 30 हजार स्टार्टअप व 4 लाख एमएसएमई अब ज्यादा कर्ज ले सकेंगे। सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से 2,800 करोड़ रुपए मिलेंगे। केसीसी योजना का लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों के लिए मध्यप्रदेश को 800 करोड़ के साथ 20 हजार करोड़ 2028 तक मिल जाएंगे। 120 नए एयरपोर्ट में प्रदेश के कई शहरों का चयन होगा। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी जोड़ों परियोजना के लिए मप्र को 2400 करोड़ मिले हैं।

# सिद्धचक्र विधान में हुई सिद्धो की आराधना

### आज होगा पूज्य आर्यिका मां प्रशांतमति माता जी का पिच्छिका परिवर्तन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज एवं 108 समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से जबेरा नगर में सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूज्य आर्यिका मां 105 प्रशांत मति माताजी व आर्यिका मां विशुद्ध मति माताजी के मंगल सानिध्य में संपन्न हो रहा है नगर में इस समय धर्म वर्षा हो रही है। प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी संजीव भैया कटंगी के द्वारा सुबह से ही अभिषेक, शांति धारा इसके उपरांत विधान व शाम को महाआरती व मंगल प्रवचन संपन्न होते हैं।आज विधान में ब्रह्मचारी संजू भैया के द्वारा 1008 अर्ध समर्पित किए गए। इसके उपरांत पूज्य आर्यिका मां के मांगलिक प्रवचन संपन्न हुए। जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज के लोगों के लोगों की उपस्थिति रही। आज 23 फरवरी दिन रविवार को पूज्य आर्यिका मां के चातुर्मास के उपरांत पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन दोपहर 1 किया जाएगा। जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज जबेरा के लोगों ने जबेरा सहित के आसपास के ग्राम नोहटा,सगरा,बनवार, चोपरा, परवाहा,दमोह, कटंगी सहित विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में लोगों से सम्मिलित होने की अपील की है।